तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

13 पूरी दुनिया के लिए साहस, शौर्य के प्रतीक बने नेता जी



14 मशरूम की खेती से किसानों को होगा अधिक मुनाफा : विधायक



## खबर संक्षेप

### विकास परियोजनाओं का शिलान्यास आज

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को वीडियो कान्फ्रेंस से सोनीपत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। लघु सचिवालय सोनीपत में प्रदेश स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। समारोह में सांसद रमेश कौशिक मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि विधायक मोहनलाल बड़ौली तथा विधायक निर्मल चौधरी अध्यक्षता करेंगे।

### गणतंत्र दिवस पर जिले में धारा 144 लागू

**सोनीपत।** जिलाधीश डा. मनोज कुमार ने 26 जनवरी को होने वाले 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के तहत जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-144 के आदेश जारी किए हैं। आदेशों में कहा कि जिला के सभी मकान मालिक द्वारा अपने मकान में रहने वाले घरेलू नौकर तथा किरायेदारों की सूचना अनिवार्य रूप से संबंधित थाना प्रबंधक को को देना सुनिश्चित करें।

### किसानों ने मांगा खराब फसलों का मुआवजा

**सोनीपत।** जटवाड़ा गांव के किसानों ने जिला उपाधि कार्यालय पर ड्रेन नंबर 6 का गंदा पानी फसल में भरने के कारण मुआवजे की मांग की। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के साथ किसानों ने तहसीलदार सोनीपत से मुलाकात कर स्पेशल गिरधारी की मांग की। पार्षद ने कहा कि किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देना चाहिए।

### धान चोरों से 35 हजार की नकदी बरामद

**गन्नौर।** धान चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार हुए तीनों आरोपितों का मंगलवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गन्नौर पुलिस ने 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि आरोपितों को अदालत में पेश कर अन्य मामले में एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### डॉ. अजय चौटाला कल बरोदा पहुंचेंगे

**गोहाना।** जेजेपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला 25 जनवरी को बरोदा गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। जेजेपी के जिला प्रवक्ता जोनी लठवाल ने बताया कि गांव बरोदा में बाबा नमो नारायण मंदिर द्वारा तीसरे भंडारे का आयोजन किया जाएगा और रागनी कम्पीटिशन होगा। डॉ. अजय चौटाला इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### विदेशी महिला के शव का नहीं हुआ पोस्टमार्टम

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग स्थित मेरा गांव मेरा देश रिसोर्ट में कमरे के अंदर दिल्ली के युवक व विदेशी युवती के शव पुलिस ने बरामद किए थे। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। युवती विदेशी मूल की होने के चलते उसके परिजन अस्पताल में नहीं पहुंचे है। जिसके चलते युवती के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस ने दिल्ली एम्बेसी में पत्राचार किया है। पुलिस को अब तक एम्बेसी से कोई जवाब नहीं मिल पाया है।

### विकास कार्यों को लेकर जिप सीईओ ने ली बैठक

**गन्नौर।** बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को अधिकारियों व सरपंचो की बैठक में ग्राम विकास के कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद सीईओ डा. सुशील मलिक ने स्टाफ व सरपंचो से गांव में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश कि ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से पारदर्शिता के साथ ग्राम विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं। किसी भी तरह की लापरवाही व शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परेड कमांडर एसीपी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिलाए कदम से कदम

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पुलिस लाइन में किया पूर्वाभ्यास

- आज की जाएगी फुल ड्रेस रिहर्सल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस लाइन में पूर्वाभ्यास में जोशिली परेड की, जिसकी सलामी डीसीपी विरेंद्र सिंह ने ली। पूर्वाभ्यास में नगराधीश पूजा कुमारी ने अध्यक्षता करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस लाइन में 26 जनवरी को जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। समारोह के भव्य आयोजन के लिए पुलिस के जवानों के साथ होम गार्ड और स्कूली विद्यार्थी कड़ाके की ठंड में जोरदार तैयारियों में जुटे हुए हैं। परेड कमांडर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जोशिली परेड का आयोजन किया गया। बैंड की सुरीली धुनों पर पुलिस व होमगार्ड के साथ



**सोनीपत।** प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाये। एईओ स्पोर्टस रामबीर सिंह के निर्देशन में पीटी-शो का भी शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान सांस्कृतिक छठा बिखेरते कार्यक्रमों की भी मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें देशभक्ति का संदेश दिया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर बारोटा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल, राजकीय माडल संस्कृति वरिष्द्द माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन तथा रेनू विद्या मंदिर और शिवा शिक्षा सदन की छात्राओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान डीसीपी विरेंद्र सिंह ने परेड को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस के जवानों और छात्र-छात्राओं को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर नगराधीश पूजा कुमारी ने बताया कि 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग, शशि मेहता, डा. सुभाष सिसोदिया, पूनम, शिवाली, मीनाक्षी, चांदनी, पारूल, निधि, राकेश दत्त आदि मौजूद थे।

### भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

- कल शाम से बदला जाएगा वाहनों का रूट
- वाहनों को हाइवे किनारे खड़ा न करने की अपील

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर जाम की स्थिति बनने से रोकने को उठाया कदम दिल्ली में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को लेकर 25 जनवरी की शाम सात बजे से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से संबंधित चौकी प्रभारियों व ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। वहीं, भारी वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों से गुजरने की अपील की गई है। दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के चलते भारी वाहनों को दिल्ली में एनएच-44 से प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे में वाहन चालक हाईवे किनारे वाहन रोक देते है। उनसे पुलिस ने अपील की है कि वह वाहनों को हाईवे किनारे ना खड़े करें। लोगों को परेशानी से बचाने के लिए चालक दिल्ली की ओर जाने के लिए पानीपत के सनौली होकर वाया बागपत जा सकते हैं, वहीं पानीपत की ओर जाने वाले वाहन चालक गढ़मिरकपुर से होते हुए बागपत जा सकते हैं। एसीसी राहुल देव ने बताया कि 25 जनवरी की शाम सात बजे से 26 जनवरी दोपहर 2 बजे तक दिल्ली में भारी वाहन नहीं जा सकेंगे। इस दौरान पानीपत से आने वाले वाहन गन्नौर चौक से गन्नौर शहर फ्लाईओवर से होते हुए पुलिस चौकी खुबडू झाल के साथ नहरों के मध्य रोड से दिल्ली जा सकेंगे। साथ ही मुरथल सोनीपत-बाईपास से बड़वासनी के रास्ते नहरों के मध्य रोड से या गोहाना की तरफ से अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पानीपत की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी के रास्ते बागपत, उत्तर प्रदेश व खरखौदा-सांपला के रास्ते आगे भेजा जाएगा। इसके साथ ही पानीपत की तरफ से आने वाले भारी वाहन केजीपी व केएमपी से भी दिल्ली की और ना जाकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। एसीपी हाईवे ट्रैफिक सोनीपत राहुल देव ने बताया कि दिल्ली में 25 जनवरी की शाम से भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में वाहन चालकों से अपील है कि वह हाईवे किनारे वाहन खड़ा ना करें। वह वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य की तरफ जा सकते हैं।

# सामूहिक दुष्कर्म करने के दोषियों को उम्रकैद

- घर से किशोरी का अपहरण कर वारदात को दिया अंजाम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

सदर थाना क्षेत्र में षड़यंत्र के तहत घर से किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने जाति सूचक शब्द कहने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरूचि अत्तरेजा सिंह की अदालत ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर अलग-अलग धाराओं में सजा के साथ-साथ 90-90 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि से डेढ़ लाख रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है।

थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस शिकायत में बताया था कि गत 11 अगस्त की रात को आंख खुली तो उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर नहीं मिली। परिवार के अन्य सदस्यों को नींद से जगाया। उसके बाद बेटी की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। करीब 4 बजे उसकी बेटी घर पर पहुंची। बेटी ने बताया कि उसे उल्टी-दस्त हो रहे थे। वह कमरे से बाहर निकली। उसी दौरान दरवाजे से किसी ने आवाज दी। उसने दरवाजा खोला तो प्रदीप नाम के युवक ने उसे जबदस्ती बाहर खींच लिया। गली में खड़ी कार में धकेल दिया। कार के अंदर विक्की व हरीश भी मौजूद थे। उसे सुनसान जगह पर नहर के पास लेकर पहुंचे। जहां उसके साथ जबरदस्ती तीनों ने बारी-बारी दुष्कर्म किया। वह उनके चुंगल से किसी तरह निकलकर घर की तरफ पहुंची। परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित किशोरी की मेडिकल जांच करवाने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं।

#### पुलिस ने किया था तीनों आरोपियों को गिरफ्तार

पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितों के खिलाफ धारा-120बी, 365,376डी,506,4 पोक्सो एक्ट सहित जाति-सूचक शब्द कहने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। एएसजे सुरूचि अत्तरेजा सिंह की अदालत ने दोषी विक्की उर्फ साधू को धारा-376 डीए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा-365/34 में सात साल कैद व 10 हजार रुपये जुर्माना, धारा-506/34 सात साल कैद व 10 हजार रुपये जुर्माना, सेक्शन 3(2)(5) एससी-एसटी एक्ट में उम्रकैद व दस हजार रुपये जुर्माना, धारा-120बी में उम्रकैद व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# आज रोडवेज बसों का रहेगा चक्काजाम

- हड़ताल के चलते यात्रियों को झेलनी पड़ सकती है परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

लंबित मांगों के पूरा नहीं होने से खफा रोडवेज कर्मचारी बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। जिससे विभिन्न रूटों पर परिवहन सेवाएं बाधित हो सकती हैं। रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के चलते यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। वहीं दूसरी तरफ रोडवेज डिपो महाप्रबंधक राहुल जैन ने बसों के नियमित संचालन के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, ताकि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं दी जा सके। हरियाणा रोडवेज साझा मोर्चा के आह्वान पर 24 जनवरी को पूर्व घोषित हड़ताल को सफल बनाने के लिए मंगलवार को बस अड्डा स्थित यूनियन कार्यालय पर कर्मचारियों की बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान मनजीत पहल ने की। उन्होंने सभी कर्मचारियों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। बैठक में रोशन लाल, संजय, संदीप मलिक, यशवीर, संदीप लठवाल, नरेंद्र शर्मा, राकेश दहिया, देवी लाल, अनिल बडौली, संजय, महेंद्र सैनी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों की हड़ताल करने की घोषणा पर रोडवेज डिपो महाप्रबंधक राहुल जैन ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बसों का नियमित संचालन करने के निर्देश दिए।

**बसों के नियमित संचालन की तैयारी**

बसों का नियमित संचालन करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा।
-**राहुल जैन**, महाप्रबंधक, रोडवेज डिपो, सोनीपत

**मांगें पूरी नहीं होने पर लिया हड़ताल का निर्णय**

कर्मचारियों की 16 मांगें हैं, जिनको पूरा कराने के लिए कर्मचारी कई वर्षों से संघर्षरत हैं। कई बार मांग पत्र दिया जा चुका है, आज तक मांगें पूरी नहीं की गई। सरकार की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर बुधवार को हड़ताल की जाएगी। मांगें पूरी नहीं होने तक संघर्ष जारी रहेगा।
-**मनजीत पहल**, डिपो प्रधान, सोनीपत

### गन्ने की ट्रॉली के नीचे आने से मजदूर की मौत

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव कुराड़ बाइपास के पास गन्ने से भरी ट्राली के नीचे आकर मजदूर की मौत हो गई। वह अपने बेटे के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर शुगर मिल जा रहा था। ट्रैक्टर को किसान चला रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक गड्ढा आने व ट्रैक्टर उछलने से मजदूर गिर गया और ट्राली के अगले पहिये के नीचे आ गया। वह करीब सात फीट तक घसीटते हुए चला गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पानीपत के गांव राक्सेड़ा निवासी साहिल ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि वह अपने पिता रामनिवास के साथ पानीपत के ही गांव बुढनुपर निवासी सूरजभान के खेत में काम करता था। तथा वह उनके पिता सूरजभान के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना लेकर सोनीपत शुगर मिल में आ रहे थे।

# डीसीआरयूएसटी के शिक्षकों ने की हड़ताल

- विवि प्रशासन पर शैक्षणिक माहौल खराब करने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



**सोनीपत।** नारेबाजी करते हुए शिक्षक।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के शिक्षकों ने कक्षाओं का बहिष्कार करके अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। डीक्रूटा के प्रधान डा. सुरेंद्र दहिया के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक प्रशासन के रवैये के काफी नाराज दिखे और शिक्षकों की सभी मांगें पूरी करने की प्रशासन से गुहार लगाई। शिक्षकों ने कहा कि अक्टुबर 2022 से शिक्षक पदोन्नति की बाट जो रहे हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन ढूल मूल रवैया अपनाए हुए हैं। कुलपति सरकार के नियमों का पालन न करते हुए 30 जून 2023 तक पुराने गाइडलाइन के तहत भी शिक्षकों की प्रमोशन नहीं कर रहे है। कुलपति एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारी फाइलों का बेवजह दबा कर बैठे रहते हैं जिससे शिक्षकों में जबरदस्त रोष है। वहीं डीक्रूटा ने जेसीबोस वाईएमसीए विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा आयोजित धरने का समर्थन देने का निर्णय लिया। डीक्रूटा ने जेसीबोस वाईएमसीए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों के खिलाफ दिए निर्णय की भर्त्सना की और शिक्षक विरोधी नीतियों की रोकने की मांग की। शिक्षकों का धरना बुधवार को भी जारी रहेगा। शिक्षकों के धरने पर प्रधान डा. सुरेंद्र दहिया, उपप्रधान डा. अनिल यादव, महासचिव डा.अजमेर सैनी के अलावा सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### जीवीएम की छात्राओं ने ताइक्वांडो में चार पदक जीते

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की तायक्वांडो की खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक सहित चार पदक जीते। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजूला सपाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डा. मंजूला सपाह ने बताया कि गुरूग्राम में 20 जनवरी को फर्स्ट कारमेल तायक्वांडो कप प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जीवीएम की चार छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी छात्राओं ने आशाओं के अनुरूप सफल प्रदर्शन किया। जीवीएम की हिमांशी ने अंडर-67 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्णिम पताका फहराई। जीवीएम की सोनिया ने अंडर-46 किलोग्राम भारवर्ग में रजत तथा अंडर-46 किलोग्राम भारवर्ग में ही रितिका ने कांस्य और अंडर-53 किलोग्राम भारवर्ग में संजना ने रजत पदक जीता।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ कॉलेज स्टाफ।

# एड्स जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखा रवाना किया

**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में एचआइवी को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में रोल आउट फोक मीडिया कैंपेन द्वारा एचआइवी एड्स द्वारा नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार को पहला नुक्कड़ नाटक नागरिक अस्पताल में किया गया। इसके तहत अस्पताल आए सभी मरीजों को एड्स की जानकारी दी गई। इस दौरान सिविल सर्जन डा. जयकिशोर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वैन को रवाना किया। इसके द्वारा गांव और शहरी इलाके में जाकर एड्स को लेकर जागरूकता संदेश दिया जाएगा। डा. जयकिशोर ने बताया कि जिले में एचआइवी एड्स को लेकर गंभीरता से काम किया जा रहा है। एसटीआई सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि जिले के सभी 36 हाट स्पाट में जाकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। एचआइवी और एड्स की जानकारी ही बचाव है, इसलिए नुक्कड़ नाटक करने के लिए रोल आउट फोक के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर डा. वंदना राणा, डा. निशा राणा, डा. गरिमा त्रिपाठी, सरोजबाला आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

### पूर्व मंत्री ने दिलाई 'हमारा संकल्प विकसित भारत' की शपथ

# अंतिम छोर तक पहुंच रहीं सरकारी योजनाएं : कविता

- गोसाई धर्मशाला में पूर्व मंत्री कविता जैन का स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

केन्द्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं हर पात्र शहरवासी तक पहुंचे इसी उद्देश्य से देश व प्रदेश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को सोनीपत शहर की सिक्का कॉलोनी स्थित गोसाई धर्मशाला, वार्ड नंबर-11 सारंग रोड़ स्थित ज्ञान नगर चौपाल पहुंची, जहां पर शहरवासियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के अंतर्गत सिक्का कालोनी में कविता जैन तथा ज्ञान नगर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का



**सोनीपत।** नव विवाहितों को फल वितरित करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन।

शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बतौर मुख्यातिथि किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकर कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में आने वाले हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करें।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है।

### गर्भवती महिलाओं को फल वितरित

इस दौरान मुख्यातिथियों ने शहरवासियों को 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आज से ही सभी नागरिक देश को विकसित बनाने के लिए अपनी भूमिका के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री व पूर्व मीडिया सलाहकार ने गर्भवति महिलाओं को फल वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, नगर निगम पार्षद इंदु, ममता, एसडीओ सुरेश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पटवारी व कानूनगो ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



**सोनीपत।** पटवारी व कानूनगो की हड़ताल मंगलवार को जारी रही। लघु सचिवालय में चल रहे धरना स्थल पर आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन, सरपंच एसोसिएशन, आशा वर्कर्स यूनियन यूनियन, सीआईटीयू के पदाधिकारियों ने अपना समर्थन दिया। पटवारियों व कानूनगो ने सरकार से वार्ता न होने के चलते अपनी हड़ताल अब 25 जनवरी तक बढ़ा रखी है। पे-ग्रेड बढ़वाने समेत अन्य मांगों को लेकर 79 पटवारी व 20 कानूनगो 3 जनवरी से हड़ताल पर हैं। दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन सन्नी दहिया ने बताया कि सरकार की ओर से उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल की वजह से राजस्व विभाग के काम प्रभावित हो रहे हैं। मंगलवार को कन्वेंस डीड व ट्रांसफर डीड की 72 रजिस्ट्री हो सकी। हड़ताल के चलते फर्द के कार्य, कोर्ट में जमानत लेने का काम, ऋण सहित अन्य जरूरी कार्य प्रभावित रहे। पटवारखाने व तहसील परिसरों में आए लोगों को परेशानी हो रही है। राजस्व विभाग में करीब 47 हजार फाइलें लंबित हैं। जिला प्रधान सन्नी दहिया ने बताया कि पटवारियों व कानूनगो ने 26 दिसंबर 2022 से लेकर 4 जनवरी 2023 तक हड़ताल रखी थी।

## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढ़ांडा करेंगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिती की बैठक सुबर साढ़े 11 बजे होगी। जिसमें हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा परिवादों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने समिति सदस्यों व अधिकारियों को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए आहवान किया है।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

■ सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।



यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

■ शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्को व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

■ सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए



पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा, माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष हैं। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

■ मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी



कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

## सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

यमुनानगर। शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

■ आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई

एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह कहां से टेबलेट लेकर आते थे। आरोपी के साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया।

**सुगम होगा मार्ग**

**पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा**

## खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

■ उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शंटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्रं सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गुप्तिधाम में 501 दीये जला की पूजा अर्चना

**गन्नौर।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो गई। जिसके बाद शाम को लोगो ने अपने घरों की छतों पर दीये जला कर खुशियां मनाई। गुप्ति धाम में भी देर शाम 501 दीये जलाए गए और भगवान महावीर की पूजा की गई। गुप्ति सागर महाराज ने बताया कि करीब 500 वर्ष बाद यह दिन देखने को मिला, जब प्रभु श्री राम अपने घर विराजमान हुए हैं।

### छात्रों ने समाज में शिक्षा की अलख जगाई

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य कालेज सोनीपत में साक्षरता क्लब की ओर से साक्षरता कैंप लगाया गया। इसमें बीए प्रथम वर्ष के छात्र आदित्य, वतन तथा सावन ने उन विद्यार्थियों को शिक्षा की ओर अग्रसर किया जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रहे थे, इस कैंप में साक्षरता क्लब की और से बच्चों को पठन सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नरेंद्र सिंह ने अपने विद्यार्थियों की इस समाज कल्याणकारी योजना को प्रोत्साहित किया।

### लिंगानुपात सुधारने की दिशा में कदम उठाएं

**खरखौदा।** एसडीएम कार्यालय में सीडीपीओ, बीडीपीओ, आशा वर्कर्स, आनंगबाड़ी वर्कर्स, सरपंचों, ग्राम सचिवों की बैठक एसडीएम डा. अनमोल की अध्यक्षता में हुई। जिन गांवों में लिंगानुपात अत्यधिक अंतर मिला, उन गांवों की आंगनबाड़ी व आशा वर्करों को फटकार लगाई गई।

### निदेशक ने रिकार्ड विभाग का किया औचक निरीक्षण

**गोहाना।** भगत फूल सिहं राजकीय महिला मेडीकल कालेज खानपुर कलां के निदेशक डॉ0. जगदीश चन्द्र दुरेजा ने मंगलवार को संस्थान के औषणी भंडारण और मेडीकल रिकार्ड विभाग का निरीक्षण किया। निदेशक ने निर्देश दिए कि संस्थान के विभागों को जल्द नई मशीनें और उपकरण वितरित किए जाएं ताकि मरीजों के उपचार में कोई परेशानी न हो। निदेशक ने संस्थान में केन्द्रीय औषधी भंडार का भी निरिक्षण किया और दवाइयों की आपूर्ती (स्पलाई) और स्टाक के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई

**गन्नौर।** अयोध्या में रामलला मूर्ति स्थापना के अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज के बसंत विहार स्थित आश्रम पर हर्षोल्लास का माहौल रहा। आश्रम पर सभी उपस्थित भाई बहनों ने दीपक प्रजवलित कर भगवान श्रीराम को याद कर परमात्मा से विश्व में रामराय स्थापना करके लोगों के दुख दूर करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर बीके सुदेश, बीके सोनम, बीके प्रीति सहित अन्य मौजूद रहे।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर पौधरोपण

**सोनीपत।** भारतीय आजादी आंदोलन में अतुलनीय योगदान देने वाले प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आज गांव भदाना के राजकीय वमावि में ग्रामीणों,स्कूल बच्चों और ट्री मैन देवेंद्र सुरा ने बरगद का पौधा लगाकर नमन किया। 'तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा बुलंद करने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के जन्मदिन को राष्ट्रीय स्तर पर पराक्रम दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

### सुरेश यादव बने गोहाना यूनिट के अध्यक्ष

**गोहाना।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की सिटी सब डिवीजन गोहाना यूनिट का मंगलवार को चुनाव करवाया गया। चुनाव में सुरेश यादव को अध्यक्ष, जोगिंद्र नरवाल को उपाध्यक्ष, जितेंद्र शर्मा को सचिव, प्रवेश यादव को सह सचिव, वीरेंद्र चोपड़ा को कैशियर, राजेश व प्रदीप को संगठनकर्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### युवा देश के विकास में योगदान दें: डा. भारद्वाज

**गोहाना।** राजकीय महिला कालेज में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार आयोजित किया। मुख्य वक्ता रा.महाविद्यालय बहू झौलरी के प्राचार्य डा. जितेंद्र भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। कहा कि छात्रों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेते भी जीवन में कर्तव्य का पालन करते आगे बढ़ना चाहिए।

---

आजाद हिंद फौज के संस्थापक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# पूरी दुनिया के लिए साहस, शौर्य के प्रतीक बने नेताजी सुभाष चंद्र बोस : राजीव जैन

## युवाओं को अपने आदर्श के रूप में नेताजी को अपनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि भगवान राम के त्याग, आदर्श और संघर्ष की जीवनगाथा से प्रेरणा लेकर सुभाष चंद्र बोस ने सरकारी नौकरी को ठोकर मारकर अंग्रेजों के चंगुल से देश को आजाद करवाने का काम किया और उनका मानना था कि भगवान मानव शरीर के रूप में जन्म लेकर धरती को पाप मुक्त करते हैं। सन 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज के शहीदी दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था इसलिए तभी से आज के दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। आज आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करते हुए हम नेताजी के आदर्शों का अनुसरण कर रहे हैं।

युवाओं को अपने आदर्श के रूप में नेताजी को अपनाना चाहिए। राजीव जैन ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस साहस के साथ- साथ समाज सेवा, देश प्रेम और राष्ट्र भक्ति की मिसाल थे। उन्होंने सभी से अपील की की समज और देश पर विपत्ति आने की दिशा में सुभाष चंद्र बोस की तरह सब कुछ छोड़ने का संकल्प लें और संकट आने पर हर प्रकार के बलिदान के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई है। इस अवसर पर जिला स्वतंत्रता सेनानी संगठन की अध्यक्ष शांता जैन, जगदीश बैरागी, यशपाल प्रधान, राकेश चोपड़ा, बिट्टू जैन, सुरेंद्र खत्री, संजीव वलेचा, सतीश साहनी, सुरजीत दहिया, दीपक पांचाल, संजय मिश्रा, सतबीर, राजभल्ला, पवन स्वामी, सुरेंद्र बाल्यान, रजत जैन, सुरेश खापरा, मुकेश एंडी, जोगिंदर चौहान, मुकेश बत्रा, राजसिंह लखेरा, नीरज खापरा, आदि सैंकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सोनीपत। बोस की प्रतिमा पर माल्याप्रण करते भाजपा नेता व अन्य। फोटो :हरिभूमि




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सुभाष चन्द्र बोस के कर्त्तव्यों को अपनाने का आह्वान

**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया । इस दौरान इतिहास विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में10 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ संतोष राठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सुभाष चन्द्र बोस के कर्त्तव्यों को अपनाने और उनका पालन करने की प्ररेणा दी। भाषण प्रतियोगिता में हिंदू गर्ल्स कॉलेज की छात्रा प्राची ने प्रथम स्थान, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज से गरीमा ने द्वितीय स्थान, सीआरए कॉलेज से विनीत ने तीसरा स्थान और टीकाराम कन्या कॉलेज से तमन्ना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या डा. संतोष राठी नें स्वयंसेविकाओ को संबोधित करते हुए नषे के दुष्परिणाम बताते हुए छात्राओं को नषा मुक्त भारत रखने की शपथ दिलवायी। इस कैम्प के दौरान छात्राओं ने महाविद्यालय की सफाई भी की। इस शिविर में 200 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्रध्यापिका पूनम, उपासना ,डा. नीलम दहिया, कविता और गीता भी मौजूद रही। इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर दीपषिखा व डा. आषा रानी मौजूद रही।

### बोस ने देश के युवाओं में जगाई देशभक्ति की लौ



**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। इस दिवस को राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। कन्या महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के महासचिव नीरज दहिया व प्राचार्या डॉ दर्शना दहिया की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर डॉ योगिता मलिक ,डॉ सुषमा, डॉ प्रदीप, डॉ विजयदीप और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संयोजक सुमित उपस्थित रहे। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के बारे में कहा कि उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद जय भारत जैसे नारों से देश के युवाओं में देशभक्ति की लौ जलाई ।



सोनीपत। छात्रों को संबोधित करते विवि के कुलपति। फोटो :हरिभूमि

### नेताजी ने रखा था राष्ट्रहित सर्वोपरि: कुलपति

■ एनसीसी कैडेट ने विश्वविद्यालय प्रांगण में निकाली जागरूकता रैली

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के महान देशभक्त और बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। भारत के इतिहास में स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का महान योगदान अविस्मरणीय है। वे देशभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। डीसीआरयूएसटी, मुरथल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। एनसीसी कैडेट ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में में तुम मुझे खून दो , मैं तुम्हें आजादी दूंगा, इंकलाब जिंदाबाद , हिंदुस्तान हमारा है के नारों से विश्वविद्यालय का माहौल राष्ट्र भक्तिमय हो गया। एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि तुम मुझे खून दो , मैं तुम्हें आजादी दूंगा ड्डआज भी यह वक्तव्य हर भारतीय के दिल में जोश भर देने का काम करता है। कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में लाखों शूरवीरों का महान योगदान था। लेकिन इनमें से एक ऐसे शूरवीर भी थे,जिनके विचारों आज भी लोगों के हृदय में जीवित हैं। भारत मां के वो लाल नेता जी सुभाष चंद्र बोस। उन्होंने कहा कि बोस ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों का मुकाबला करने के लिए स्वयं की सेना गठित कर ली थी। कुलपति प्रो.सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे बहुत ही मेधावी छात्र थे। ने अपनी कक्षा में अक्सर टॉप के विद्यार्थियों में शामिल रहे। 1920 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इंग्लैंड में सिविल सर्विस में 4 स्थान प्राप्त किया।

## महानायक की बदौलत हम आजाद : मलिक

■ नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद चौ. धर्मपाल सिंह मलिक ने कहा कि आजादी के महानायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस के अमूल्य योगदान की बदौलत ही आज देशवासी खुली हवा में सांस ले रहे है। नेता जी ने अपना पूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इसलिए महान शख्सियत के हम जीवनभर कर्जदार रहेंगे। उनके साथ पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, एचपीएससी के पूर्व सदस्य सुरेंद्र शर्मा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार भीमराव मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। /"तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा/" का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। उन्होंने जो सपने देखे थे उन्हें हकीकत में बदलने के लिए कड़ी महेनत करे। ललित पंवार ने क्षेत्रवासियों को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलवाया, ताकि नेता जी के सपनों को पूर्ण करने के लिए देशवासी एकजुट होकर कड़ा संघर्ष करे।



सोनीपत। सुभाष चंद्र बोस की फोटो पर पुष्पअर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे ने मंगलवार को आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में हुआ।

मुख्य वक्ता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी रहे। अध्यक्षता भगवान परशुराम आश्रम के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने की। सानिध्य मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया का रहा। दांगी ने कहा कि नेता जी ने इंग्लैंड जा कर आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। लेकिन वह ब्रिटिश शासन की सेवा नहीं करना चाहते थे। ऐसे में वह स्वदेश लौट कर कांग्रेस में शामिल हो गए। 1938 में नेता जी कांग्रेस के अध्यक्ष भी बने। सुभाष शर्मा ने कहा कि नेता जी चाहते तो बड़े आराम से ऐश और आराम की जिंदगी गुजार सकते थे, लेकिन उन्होंने पूरा जीवन देश पर न्यौछावर कर दिया। डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस का देश को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त करवाने में अहम योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. समुद्र दास, राजपाल कश्यप, रमेश मेहता, प्रवीण गुप्ता, सतबीर पौडिया, श्रीभगवान कल्सन, हरभगवान आदि मौजूद रहे।

## गुरु-शिष्यों ने बोस को किया याद

■ बच्चों ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने न केवल तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा की हुंकार भरी थी अपितु उन्होंने ही जय हिंद-जय भारत का उद्घोष भी किया था। मंगलवार को यह टिप्पणी शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की।

केंद्र सरकार द्वारा घोषित पराक्रम दिवस पर सर्वप्रथम शिक्षकों और बच्चों ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पावन स्मरण किया। कक्षा 8 की छात्रा हर्षिता ने उत्कृष्टता कविता का गायन किया। कक्षा 9 के छात्र केशव और छात्रा विधि ने नेता जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि 23 जनवरी 1897 को सुभाष चंद्र बोस का जन्म उड़ीसा में कटक में हुआ। आजाद हिंद फौज का गठन कर उन्होंने भारत के स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान दिया। उन्होंने युवाओं में देशभक्ति की लौ जगाई थी।



गोहाना। नेता जी को नमन करते गुरु-शिष्य। फोटो : हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में छात्रा यशिका अव्वल

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में छात्रा यशिका को प्रथम घोषित किया गया। कार्यक्रम के लिए सानिध्य स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा का रहा, अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। निर्णायक मंडल में स्कूल के उप प्राचार्य सूरत शर्मा के साथ सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा थे। स्कूल के अध्यापकों और बच्चों ने नेता जी के चित्र को नमन किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। नेता जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर हुई भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर दीक्षा और पलक रहे। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से उमंग और शुभम रहे। प्रिंसिपल डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि हमें मातृभूमि की रक्षा संविधान का सम्मान करते अपने-अपने कर्तव्यों का निवर्हन करना चाहिए।



गोहाना। गुरुजनों के साथ सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी।



गोहाना। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए एमडी महेंद्र सिंह मलिक व प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

### नेता जी के पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी

**गोहाना।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर मंगलवार को शहर में सोनीपत रोड स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में कविता, गीत व नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से नेताजी के पद्चिहनों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने किया। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायी है। देश को आजाद करवाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने आजाद हिंद फौज बनाकर देश की आजादी की लड़ाई लड़ी। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने देश को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जयवीर रुहिल ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से नेताजी को नमन किया।

### सर्व धर्म मित्र संगठन ने चलाया सफाई अभियान

सोनीपत। सर्व धर्म मित्र संघठन द्वारा नेता जी की जयंती पर सुभाष चोंक पर प्रतिमा स्थल की सफाई की गई। स्वतन्त्रता सेनानी संघठन के साथ जयंती पर्ण मनाया नेता जी को नमन किया राजेन्द्र बंसल ने कहा कि क्रान्तिकारी वीरो के कारण ही देश को आजादी मिली। उन्होंने अपना काम और घर छोड़कर अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया, इस दौरान प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही प्रसाद का वितरित भी किया गया। इस अवसर पर शांत जैन अध्यक्ष स्वतन्त्रता सेनानी संघठन कृष्ण, भारत, राजकुमार, चन्द्रशेखर, अभिषेक, पार्थ आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। सुभाष की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति देता नन्हा विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### साउथ पॉइंट स्कूल में मनाई नेताजी की जयंती

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर, उनकी वेशभूषा में कविता व भाषण के माध्यम से नेताजी को याद किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के स्कूल चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी व कठोर त्याग युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने महान देशभक्त सुभाष चंद्र बोस के जीवन संघर्ष से विद्यार्थियों को अवगत कराया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। उनकी माता का नाम प्रभावती दत्त बोस और पिता का जानकीदास बोस था। 1930 दशक के मध्य उन्होंने यूरोप की यात्रा की और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज बुलंद की। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया।

---

ओम शांति शिक्षा सदन में कार्यक्रम का हर्षोल्लास से आयोजन

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई

ओम शांति शिक्षा सदन नाथूपुर की अयोध्या नगरी में श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के उपलक्ष में एक भारत का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। जिसमें स्कूल के प्रतिभागियों ने पूरे जोश उमंग, खुशी से भगवान श्री राम में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए अनेक भजन, लघु नाटिका, नृत्य, देश भक्ति से ओतप्रोत कविताओं व सनातन धर्म के विषय में जानकारी देते हुए भाषण और स्लोकोच्चारण कर पूरे स्कूल प्रांगण को भक्तिमय बनाकर भाव विभोर कर दिया। स्कूल के विद्यार्थियों ने ओम शांति स्कूल को अनेक रंग-बिरंगे गुब्बारे, फूलों, रंगोलियो व झालर लगाकर अयोध्या की भाति सजाया और पूरे स्कूल में दीप प्रज्वलित कर दीपावली जैसा वातावरण बनाया गया। एकता का संदेश देने वाले कार्यक्रम में जीत सिंह, चंद्र सिंह, जय सिंह, अंतर सिंह, रजत सिंह, वेद प्रकाश खापरा, ईश्वर सिंह, बहन नमीता, बहन ज्योति, हरबंस, वरदेव शास्त्री, आचार्य सुदर्शन, महेश पांडेय, बहन ब्रह्म कुमारी, नरेश चौहान (सरपंच)खुरुमपुर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिराक्त कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने अतिथि देवो भव उक्ति को साक्षात, प्रमाणित करते सभी अतिथियों को फूल- माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।




राई। कार्यक्रम में दौरान प्रतिभागी व विजेता छात्राओं को सम्मानित करते अतिथिगण व निदेशक योगराज भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

### विजेताओं का सम्मान

इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों का स्कूल पहुंचने पर धन्यवाद किया और स्कूल उपलब्धियां व अवंतिका ओलंपियाड के विजेता छात्रों को स्वर्ण रजत, काशय पदक व पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ओम शांति स्कूल एकमात्र ऐसा स्कूल है जो छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाता है। प्राचार्य ने जय श्री राम के नारे लगवाए, जिसे सारा स्कूल जय श्री राम और भारत माता की जय नारो से गूंज उठा।



गन्नौर। राजलू गढ़ी के शिव मंदिर में दीये जलाते हुए । फोटो :हरिभूमि

### शिव मंदिर में 1100 दीये जलाकार रामोत्सव मनाया

**गन्नौर।** अयोध्या में बने राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने के अवसर पर मनाए गए रामोत्सव में सोमवार को देर रात गांव राजलू गढ़ी के शिव मन्दिर में राम भक्तों ने 1100 दिए जलाकर जगमग करने के साथ पूरी तरीके से राममय दिखाई दिया। धार्मिक अनुष्ठान में गांव की महिलाओं व पुरुषों ने उत्साह से भाग लिया। हवन, पाठ, भजन-कीर्तन व भंडारों के साथ ही शोभायात्रा निकालते हुए लोगों ने श्रीराम को याद किया। रामोत्सव पर सुबह की शुरूआत महंत मौनी महाराज की अगुवाई में किए गए हवन यज्ञ के साथ हुई।

## खबर संक्षेप



### मोबाइल चोरी की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजय निवासी गांव रसोई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### पक्का बाग मार्केट में रक्तदान शिविर 26 को

**खरखौदा।** पक्का बाग मार्केट एसोसिएशन के तत्वावधान में 26 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर मार्केट एसोसिएशन द्वारा 13 वीं बार आयोजित किया जा रहा है।

## क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केन्द्र मुरथल में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# मशरूम की खेती करने से किसानों को होगा अधिक मुनाफा : विधायक

- मशरूम को भोजन में शामिल करने से कुपोषण की समस्या होती है दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में औषधीय मशरूम के बारे में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन अवसर पर राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे किसानों को कहा कि वर्तमान समय में किसान परंपरागत खेती के साथ-साथ मशरूम की खेती कर अधिक मुनाफा कमा सकता है क्योंकि मशरूम की भारतीय व विदेशी बाजार में बहुत ज्यादा डिमांड है। विधायक ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार भी किसानों को मशरूम की खेती करने पर अनुदान दे रही है ताकि हमारा किसान धान व गेहूं को छोडकर मशरूम, बागवानी तथा सब्जी की खेती की और अपने कदम बढ़ा सके और अधिक मुनाफा कमा सके।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों के तहत मशरूम अनुसंधान केंद्र में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलते रहते है, जिससे किसानों के समक्ष जो भी चुनौतियां आने वाली होती हैं, उनका निदान हो सकें। जो उन्हें बागवानी की खेती में आगे बढ़ने में सहायक हो सकें। उन्होंने कहा कि मशरूम से कई औषधीय बनाई जाती हैं, जो काफी कारगर साबित होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि उन्हें भी घुटनों में दर्द रहता था, मशरूम से बनी दवाई के कैप्सूल खाए, जिससे उनके घुटनों का दर्द दूर हो गया। इस दौरान क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान निदेशक व एमएचयू कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने बताया कि मशरूम का प्रयोग कई प्रकार की औषधीय बनाने में किया जाता है साथ ही लगातार मशरूम को भोजन में शामिल करने से कई गंभीर बीमारियां दूर रहती है। उन्होंने कहा कि लोग ऐलोपैथी दवाइयों की बजाए मशरूम से बनी दवाइयों का सेवन करें तो ये काफी बीमारियां दूर करने में काफी हद तक कारगार साबित होती हैं। कार्यक्रम में विधायक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र भी बांटे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान प्रमाण-पत्र देते हुए विधायक व अन्य।

## नप के किरायेदारों ने एसडीएम के समक्ष रखी अपनी समस्या



**खरखौदा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपने जाते शहर के दुकानदार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

दिल्ली चौक के पास खरखौदा नगरपालिका की दुकानों के किरायेदारों ने प्रयास संगठन अध्यक्ष नवीन दहिया के नेतृत्व में एसडीएम से मुलाकात की। दरअसल 20 साल से ज्यादा समय से नगरपालिका की जमीन पर किराएदार की हैसियत रखने दुकानदारों को मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना लाई गई है। इसी योजना के अंतर्गत जब नगरपालिका के किरायेदारों ने नगरपालिका मे इस योजना के अंतर्गत लाभ लेने के लिए आवेदन किया तो नगरपालिका ने यह कहते हुए मना कर दिया कि उल्लेखित जमीन नगरपालिका की है या ड्रैनेज विभाग की इसका उन्हें पता नहीं है। इसीलिए इस योजना के अंतर्गत इन दुकानदारों को इस योजना का लाभ नहीं दिया जा सकता। नवीन दहिया ने बताया के जिस जगह ये दुकानें बनी हुई हैं उनसे करीब 100 मीटर की दूरी पर ड्रेन हुआ करती थी। दुकानदारों को ही ड्रेनेज विभाग से एन ओ सी लाने की बात कही जा रही है। जबकि पिछले 30 वर्षों से नगरपालिका इन दुकानों का किराया ले रही है। एस डी एम ने आश्वसान दिया कि जल्द ही समस्या का हल निकाल लिया जाएगा। मौके पर डॉ. नरेश सचदेवा, हरबीर सिंह,भगत सिंह, द्वारका प्रसाद, सतीश कुमार, महेंद्र कुमार, रघुबीर सिंह, भगवान दास, बसंत लाल समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# नेटबॉल चैंपियनशिप में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

16 वीं जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैम्पियनशिप जो कि रोहतक में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के नकुल ने लड़कों की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, जैसिका व हर्षिता ने लड़कियों की प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर सोनीपत जिले व प्रताप स्कूल का नाम रोशन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय प्रांगण में पहुँचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं स्कूल खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया , प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व नेटबॉल कोच संसार दहिया ने स्वागत किया। कोच ने बताया कि नकुल इससे पहले दो बार नेशनल लेवल पर भी पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाओं के साथ-साथ एनआइएस क्वालीफाइड प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है जिनकी देख-रेख में खिलाड़ी अभ्यास कर निरंतर पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।



**खरखौदा।** पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन।

## स्कूलों में मनाया जायेगा मतदाता दिवस

- सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

राष्ट्रीय मतदाता दिवस को जिले भर के स्कूलों में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। इसके लिए सभी स्कूलों में सुबह 11 बजे विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। साथ ही संबंधित विषय पर निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद व स्किट प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी किए गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्कूलों में आयोजित करवाई जाने वाली गतिविधियों के फोटो क्लिक करनी होंगी। स्कूल में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की दो-दो फोटो आधिकारिक पोर्टल व सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड करनी होंगी।

### विद्यार्थी लेंगे शपथ

हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# सांसद ने किया सड़क का उद्घाटन

- अंतिम और वंचित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में लाना मोदी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गोहाना पहुंची। यात्रा के तहत नगर परिषद कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। इसके बाद सांसद ने ड्रेन संख्या 8 की पटरी पर बनी सड़क के साथ सरकार द्वारा नियमित की गई कालोनियों का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से अंतिम और वंचित व्यक्तियों का विकास कर उनको समाज की मुख्यधारा में लाना मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी वैन केंद्र व राज्य सरकार की अंत्योदय व गरीब कल्याण योजनाओं व सेवाओं का लाभ घर-घर जाकर दे रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के जिस कोने में जा रही है वहां के लोगों को नई सौगातें मिल रही हैं। कौशिक ने कहा कि सरकार ने सभी विभागों की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को ऑनलाइन मोड पर अपडेट कर दिया है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्षा जसबीर दोदवा, नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, इंद्रजीत विरमानी, परमवीर सैनी, विरेन्द्र आर्य, अरुण बड़ौक, संदीप कौशिक, नरेन्द्र गहलावत और ओमवीर वत्स आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** सड़क का उद्घाटन करते हुए सांसद रमेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि

# पुराने स्लीपर से दीवार बनाने से ग्रामीणों में रोष

- ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन व सड़क निर्माण विभाग से पैमाईश करवाकर लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अगवानपुर रेलवे फाटक के पास होने वाले हादसों पर रोक लगाने के लिए रेलवे राजलू गढ़ी सड़क के साथ रेलवे के वेस्टेज स्लीपर को खड़ा करके दीवार बनाने का काम शुरू कर दिया है। जिसका ग्रामीणों ने स्लीपरों को बिना पैमाईश के सड़क के साथ में लगाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण सुरेन्द्र, सतबीर ने बताया कि स्लीपरों को बिल्कुल सड़क के साथ लगाया जा रहा है। जिस कारण आवागमन का रास्ता बिल्कुल कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बार तो उन्होंने स्लीपर लगवा रहे ठेकेदार से कहकर सड़क से स्लीपर को थोड़ी पीछे हटवा दिया था लेकिन अब फिर दोबारा से सड़क के बिल्कुल साथ में लगाने का काम शुरू कर दिया है। हालाकि लोगों का ये भी कहना कि स्लीपर लगने के बाद इससे ट्रैक क्रॉस करने वाले लोगों का शार्टकट रास्ता बंद हो जाएगा। साथ ही आए दिन ट्रैक पार करने में होने वाले हादसों पर भी ब्रेक लगेगा। कई बार फाटक बंद होने के बाद आसपास के गांवों के लोगों की आवाजाही अधिकांश रेलवे ट्रैक के पासस से अवैध रूप से होती है। ट्रैक का लेवल अधिक नहीं होने से चरवाहे, गाय, भैंस को भी लाइन पार कराते है। ऐसे में रेलवे विभाग ने यहां सुरक्षा दीवार खड़ी करने का निर्णय लिया। स्लीपर लगाने का कार्य भी शुरू हो गया है। करीब 15 दिनों में वॉल बनकर तैयार हो जाएगी। साधारण तौर पर ट्रैक के पास वॉल निर्माण में रेलवे विभाग का 5-7 लाख रुपए खर्च हो जाता, लेकिन फाटक की सीमा पर यह कार्य क्रेनकी मदद से हो रहा है। क्योंकि दीवार में सबसे अहम सामग्री में रेलवे के पुराने स्लीपर उपयोग में लिए जा रहे है। सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि इस तरह से सड़क के साथ बिना पैमाईश के स्लीपर लगाए जा रहे है तो वे गलत है। कल ही वे मौके पर जाकर स्लीपर लगाने वाले ठेकेदार से पैमाईश कराने की जांच करेंगे अगर पैमाईश नही दिखा पाए तो काम को बंद करवकर पैमााईश की जाएगी। अगवानपुर फाटक से राजलू गढ़ी जाने वाली सड़क की चौड़ाई कुल 33 फूट है। उसमें से 18 फूट सड़क बन गई है। बाकि की जगह दोनों तरफ बच गई है। स्लीपर लगाने का काम करवा रहे ठेकेदार सौरभ शर्मा ने बताया कि पैमाईश के बाद ही स्लीपर लगवाए जा रहे हैं।



# एक को किया जाएगा मॉकड्रिल : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में 1 फरवरी, 2024 को मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉकड्रिल कर भूकंप आने की स्थिति में जिला में तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों की सहायता से विभिन्न स्थानों पर मॉकड्रिल करवायेंगे, जिसमें जनसहयोग अपेक्षित रहेगा।

मॉकड्रिल के सफल आयोजन के दृष्टिगत मंगलवार को विडियो कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र व प्रदेश के आला अधिकारियों ने विशेष दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि जिला में मॉकड्रिल सफलतापूर्व करवायेंगे। इसके माध्यम से हमें अपनी तैयारियों की समीक्षा का मौका मिलेगा कि हम तीव्र भूकंप आने पर किस प्रकार से आपात स्थिति का सामना करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि 30 जनवरी को टेबल टॉप एक्सरसाईज की जाएगी, जिसके अगले दिन 31 जनवरी को मॉकड्रिल के आयोजन की तैयारियां की जाएगी। उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि यह सिर्फ मॉकड्रिल होगी, जिससे किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए यह आयोजन किये जाते हैं। इसके लिए कई स्थानों का चयन किया जाएगा, जहां घटना की परिकल्पना की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि मॉकड्रिल के लिए आर्मी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों की भी सहायता ली जाएगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम निर्मल नागर, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, एसीपी नर सिंह, सिविल सर्जन डा. जयकिशोर, डीएफएससी बिंशल सहरावत, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एसीपी व बड़ी थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**गन्नौर।** हरियाणा में एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ थाना बनने पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसीपी गन्नौर व बड़ी थाना प्रभारी को सम्मानित किया। भारतीय किसान यूनियन अंबावत के जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग में एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया है। इसका पूरा श्रेय एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा व बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार को जाता है। उन्होंने पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपना काम किया। थाना का स्टाफ ने भी अपने अधिकारियों के दिशा निर्देश पर बेहतर कार्य किया। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसीपी गोरखपाल राणा व बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार को बुके एवं प्रशंसा पत्र भी भेंट किया। मौके पर राजेंद्र सरोहा, ब्लाक प्रधान बलजीत, प्रकाश, रणधीर, जयप्रकाश, राई ब्लाक प्रधान वेद्दू, दलेल, रमेश आदि थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु.2000/-<br>रु.2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मीटिंग

# सफाईकर्मी आज करेंगे सांकेतिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मीटिंग पंचायत भवन में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता यूनियन प्रधान राजेश रसोई ने की मंच संचालन राजेश टोकी ने किया मीटिंग में मुख्य रूप से सीटू की जिला उप प्रधान सुनीता आशा वर्कों की नेता सुदेश भी उपस्थित रहे। यूनियन के जिला सचिव राजेश टांकी ने बताया कि 28 जुलाई 2023 को लोकल मांगो समस्याओं को लेकर डीडीपीओ की अध्यक्षता में मीटिंग बुलाई गई थी जिसमें मुख्यतः चार बिंदुओं पर सहमति बनाते हुए मिनिट्स भी जारी किए गए थे लेकिन मांगों का समाधान ना करते हुए जिला प्रशासन ने एक तरफा पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारी की हाजिरी रजिस्टर जारी करवा के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को शोषण का शिकार बना दिया है। कुछ पांच सरपंचों द्वारा इस हाजिरी रजिस्टर का गलत इशू बनाते हुए बहुत से कर्मचारियों का कई महीने से लगातार वेतन कटवाया और रुकवाया जा रहा है। यही नहीं कुछ कर्मचारियों को झूठ प्रस्ताव बनाकर नौकरी से निकलवा दिया गया है। कर्मचारी वेतन की मांग तथा नोटिसों के जवाब दे दे कर ब्लॉक व जिला प्रशासन के चक्कर काट के थक चुके हैं। ब्लॉक प्रशासन व जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच करते हुए उचित कार्रवाई नहीं की जा रही। मुरथल गांव में 6 कर्मचारियों का वेतन पिछले कई महीनो से रुकवाया व काटवाया जा रहा है। मकीनपुर गांव में दो कर्मचारियों से सफाई का काम नहीं करने दिया जा रहा। गुहना गांव में दो सरपंच पक्षों ने अपनी राजनीति कारण सफाई कर्मी को हटा दिया गया, सोहटी में भी दो सफाई कर्मियों को भी हटा दिया गया है। एसडीएम मैडम द्वारा निष्पक्ष जांच करवाने पर पंचायत प्रस्ताव झूठा पाया गया है, अंत में कर्मचारियों ने कहा की अगर एक सप्ताह के अंदर हमारी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। यूनियन प्रधान राजेश रसोई ने बताया कि 29 नवंबर को सरकार के साथ हमारी कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी थी इसमें सफाई कर्मचारियों को पक्का करने। 17000 वेतन, रिटायर्मेंट पर 2 लाख रुपए, 3 प्रतिशत सालाना वेतन बढ़ोतरी पर सहमति बनी थी। जिसके लिए एक माह का समय मांगा गया था। मांगें पूरी न होने कारण आज सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए डीसी तथा डीडीपीओ के मार्फत सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# ब्राइट स्कॉलर स्कूल के तैराकों ने जीते पदक



**सोनीपत।** मेडल के साथ स्कूल के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल से तैराकों की टीम ने 30 दिसंबर को ईशा मेमोरियल स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लिया था। जिसमें पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल पानीपत में किया गया। अनव मलिक ने अलग अलग प्रतियोगिताओं में 3 स्वर्ण , 1 रजत पदक जीते नगद पुरस्कार के तौर पर 3100 रुपए प्राप्त किए। अनव को बेस्ट तैराक का खिताब भी मिला। अगस्तृया ने भी 3 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक के साथ 3100 का नगद पुरस्कार जीता। गर्ल्स ग्रुप में अगस्तृया को बेस्ट तैराक का खिताब भी मिला। ईराज सेहरावत ने 2 स्वर्ण 3 रजत पदक, यशिका सेहरावत ने 2 स्वर्ण , 2 रजत 1 कांस्य पदक प्राप्त किए। अयानवीर खत्री ने 3 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य , दक्ष राठी ने 3 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किए। इसके अलावा सिमरन, काव्य शर्मा, शुभम और गौरव ने भी इस प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्राचार्या किरण दलाल ने विजेताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और प्रशिक्षक नीरज की भी इस जीत के लिए प्रशंसा की।